**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर**

कमांक एफ4 ( )आयो/निकाशि/म.महा.अ./10–11/1379 दिनांक : 7.9.2013

## आदेश

राज्य सरकार की एम0आर0 संख्या का.प्र.शास/उच्च एवं तक.शिक्षा/1942 दिनांक 27.8.2013 एवं वित्त (व्यय–1) विभाग की आई0डी0 कमांक 101303562 दिनांक 27.8.2013 की अनुपालना में निम्न आदेश तुरन्त प्रभाव से प्रसारित किये जाते हैं :–

1. राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर को स्नातकोत्तर का दर्जा शैक्षणिक सत्र 2012–13 से दिया जाता है एवं सावित्री कन्या महाविद्यालय, अजमेर को शैक्षणिक सत्र 2012–13 से राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर में विलय किया जाता है ।

2. सावित्री कन्या महाविद्यालय, अजमेर द्वारा संचालित समस्त पाठ्यकमों का संचालन राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर द्वारा संचालित किये जाने एवं उक्त पाठ्यकमों में सत्र 2012–13 में अध्ययनरत छात्राओं को राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर की नियमित छात्राएं माना जाता है ।

4. सत्र 2012–13 का सावित्री कन्या महाविद्यालय, अजमेर द्वारा विश्वविद्यालय को भिजवाया गया सम्बद्धता शुल्क राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर हेतु मान्य किया जाकर आगामी वर्षों में उन पाठ्यकमों का निर्धारित सम्बद्धता शुल्क निर्धारित तिथि तक राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर द्वारा विश्वविद्यालय को तुरन्त जमा कराने हेतु निर्देशित किया जाता है ।

5. सावित्री कन्या महाविद्यालय, अजमेर के विरूद्ध सत्र 2012–13 से पूर्व का विश्वविद्यालय का समस्त बकाया शुल्क, आर्थिक दण्ड, अग्रिम इत्यादि राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर के द्वारा विश्वविद्यालय कोषु में जमा कराये जाने हेतु प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर को निर्देशित किया जाता है ।

6. सावित्री स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, अजमेर में चल रहे कॉमन विषयों के अतिरिक्त निम्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषयों को राजकीय कन्या महाविद्यालय में तुरन्त प्रभाव से स्थानान्तरित किया जाता है :–

| क0सं0 | राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्थानान्तरित किये गये विषय | | राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्थानान्तरित किये गये एसएफएस में संचालित विषय |
|---|---|---|---|
| | स्नातक | स्नातकोत्तर | |
| 1 | चित्रकला | अर्थशास्त्र | राजनीतिविज्ञान(एमए) |
| 2 | | हिन्दी | |
| 3 | | इतिहास | |
| 4 | | संगीत (वाद्य) | |
| 5 | | संगीत (कंठ) | |
| 6 | गृह विज्ञान | | |
| 7 | संगीत (वाद्य) | | |
| 8 | संगीत (कंठ) | | बीएससी गृह विज्ञान |
| 9 | वनस्पति विज्ञान | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | रसायन विज्ञान | | |
| 11 | गणित | | बीसीए |
| 12 | भौतिक विज्ञान | | एमकाम व्यावसायिक प्रशासन |
| 13 | प्राणीशास्त्र | | एमबीए |
| 14 | | | |

7. सावित्री कन्या महाविद्यालय, अजमेर को राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर में समावेश किये जाने के कारण सावित्री महाविद्यालय, अजमेर में कार्यव्यवस्थार्थ लगाये गये 22 व्याख्याताओं को राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर में ही कार्यव्यवस्थार्थ माना जावे एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर (स्नातक) में स्वीकृत वर्तमान पदों के समायोजन उपरान्त निम्नानुसार पदों के सृजन एवं निम्न बजट मद में वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए उपलब्ध प्रावधान से व्यय किये जाने की सहमति प्रदान की जाती है:–

बजट मद :–

2202 – सामान्य शिक्षा

03– विश्वविद्यालय तथा उच्चतर शिक्षा

103– राजकीय महाविद्यालय तथा संस्थान

03– राजकीय महाविद्यालय (स्त्रियों के लिए ) आयोजना भिन्न

| क0 सं0 | पद का नाम | संख्या | वेतनमान | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य (पी.जी. स्तर) | 01 | 37400–67000 ग्रेड पे 10000 | पूर्व में राजकीय कन्या महाविद्यालय स्नातक में सृजित पद को क्रमोन्नत |
| 2 | व्याख्याता | 21 | 37400–67000 ग्रेड पे 9000 | विभाग द्वारा प्रस्तुत विषय वार सूचना अनुसार 21 पद एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय में वर्तमान में कार्यरत 14 पद कुल 35 पद ( 21 प्रस्तावित नवीन सृजित + 14 पूर्व में स्वीकृत) |
| 3 | पुस्तकालयाध्यक्ष (पी.जी. स्तर) | 01 | 37400–67000 ग्रेड पे 9000 | पूर्व में राजकीय कन्या महाविद्यालय स्नातक में सृजित पद को क्रमोन्नत |
| 4 | पी0टी0आई0 (पी.जी. स्तर) | 01 | 37400–67000 ग्रेड पे 9000 | पूर्व में राजकीय कन्या महाविद्यालय स्नातक में सृजित पद को क्रमोन्नत |
| 5 | निजी सहायक | 01 | 9300–34800 AGP 4200 | |
| 6 | कार्यालय सहायक | 01 | 9300–34800 AGP 3600 | |
| 7 | वरिष्ठ लिपिक | 01 | 5200–20200 ग्रेड पे 2800 | पूर्व में राजकीय कन्या महाविद्यालय स्नातक में सृजित 01 पद के अतिरिक्त 01 नवीन पद का सृजन |
| 8 | कनिष्ठ लिपिक | 02 | 5200–20200 ग्रेड पे 2400 | पूर्व में राजकीय कन्या महाविद्यालय स्नातक में सृजित 02 पद के अतिरिक्त 02 नवीन पद का सृजन |
| 9 | प्रयोगशाला सहायक | 04 | 5200–20200 ग्रेड पे 2800 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | तबला वादक * | 01 | 5200–20200 ग्रेड पे 2400 | Outsource Job basis |
| 11 | मैट्रर्न * | 01 | 5200–20200 ग्रेड पे 2400 | Outsource Job basis |
| 12 | गैसमैन * | 01 | 5200–20200 ग्रेड पे 2400 | Outsource Job basis |
| 13 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ** | 06 | 4750–7440 ग्रेड पे 1700 | पूर्व में राजकीय कन्या महाविद्यालय में सृजित 4 पद के अतिरिक्त Service from REXCO/Home Guard |

* तबला वादक, मैट्रर्न एवं गैसमैन आउससोर्सिंग जॉब बेसिस पर राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 / तत्ससंबंधी वित्तीय नियमों / निर्धारित प्रकिया की पालना सुनिश्चित किये जाने की शर्त पर ।

** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की सेवायें संविदा पर REXCO/Home Guard से चालू वित्त वर्ष हेतु प्राप्त की जा सकेगी ।

( नवीन जैन )
निदेशक

कमांक एफ4 ( )आयो / निकाशि / म.महा.अ. / 10–11 / 1320-1336 दिनांक : 9.9.2013

1. निजी सचिव, माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर ।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान जयपुर ।
3. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय–1) व जनशक्ति विभाग, जयपुर।
4. संयुक्त शासन सचिव, उच्च शिक्षा, ग्रुप-3 विभाग राज0 जयपुर ।
5. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा ग्रुप–4 विभाग राज0 जयपुर ।
6. संयुक्त सचिव, शिक्षा ग्रुप–5 विभाग जयपुर ।
7. कुल सचिव, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, अजमेर / राज0 तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा ।
8. प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, अजमेर को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त नवीन पदों के सृजन होने पर वित्तीय वर्ष 2013–14 हेतु आवश्यक आकलन कर अतिरिक्त राशि आवंटित करने के प्रस्ताव संशोधित अनुमान वर्ष 2013–14 में प्रस्तुत करावें ।
9. जिला कलक्टर, अजमेर ।
10. अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन), अजमेर एवं पूर्व प्रशासक,सावित्री कन्या महाविद्यालय, अजमेर ।
11. संयुक्त निदेशक, कार्मिक / प्रशासन / अकादमी, निकाशि, जयपुर ।
12. वित्तीय सलाहकार, निकाशि, जयपुर ।
13. उप विधि परामर्शी, निकाशि, जयपुर ।
14. संगठन मंत्री, किंग्स जार्ज मेमोरियल सोसायटी, अजमेर ।
15. डा0 धीरेन्द्र देवर्षि, प्रभारी, वेब, निकाशि ।
16. सहायक सांख्यिकी अधिकारी, निकाशि, जयपुर ।
17. बजट शाखा प्लान / नॉन प्लान, निकाशि, जयपुर ।

( आर0 एस0 मक्कड )
अतिरिक्त निदेशक